बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

कार्यालय आदेश

का0आ0सं0–5 / अ0प्र0–01–39 / 2023 131 / पटना, दिनांक 04/04/24

विभागीय अधिसूचना सं0–3520 सहपठित ज्ञापांक 3551 दिनांक 30.06.2023 द्वारा श्री अरविन्द कुमार दास, सहायक अभियंता का पदस्थापन कार्य अवर प्रमंडल, आजमनगर में करते हुए कार्य अवर प्रमंडल, प्राणपुर, कार्य प्रमंडल, मनिहारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, जहाँ श्री सतीश चौधरी, सहायक अभियंता मूल में पदस्थापित थे।

2. उक्त आदेश के अनुपालन में श्री चौधरी द्वारा श्री अरविन्द कुमार दास, सहायक अभियंता को कार्य अवर प्रमंडल, प्राणपुर का प्रभार दिनांक 22.08.2023 के अपराह्न में सौंपा गया तथा उनके द्वारा दिनांक 23.08.2023 के पूर्वाह्न में विभाग में योगदान समर्पित करते हुए अन्यंत्र कहीं पदस्थापन किये जाने हेतु अपना अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

3. विभागीय अधिसूचना सं0 5843 सहपठित ज्ञापांक 5846 दिनांक 09.10.2023 के द्वारा श्री सतीश चौधरी पदस्थापन की प्रतीक्षारत सहायक अभियंता को कार्य अवर प्रमंडल, मोहद्दीनगर, कार्य प्रमंडल, पटोरी में पदस्थापित किया गया जहाँ इनके द्वारा दिनांक 10.10.2023 को स्वतः प्रभार ग्रहण किया गया।

4. अतएव उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में दिनांक 23.08.2023 से 10.10.2023 तक की अविनियमित अवधि को निम्न रूप से विनियमित किया जाता है:–

(i) दिनांक 23.08.2023 से दिनांक 09.10.2023 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा के रूप में।

(ii) दिनांक 10.10.2023 को पदग्रहण काल के रूप में।

5. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

2/4/24
(कुमार अनिल सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–5 / अ0प्र0–01–39 / 2023 1756 / पटना, दिनांक 04/04/24

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/4/24
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–5 / अ0प्र0–01–39 / 2023 1756 / पटना, दिनांक– 04/04/24

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव / मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग / अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, समस्तीपुर / कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी / श्री सतीश चौधरी, सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, मोहददीनगर, कार्य प्रमंडल, पटोरी / आई0 टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/4/24
सरकार के संयुक्त सचिव